# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 126/2024

## इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालयों की सूची OFSS वेबसाईट पर अपलोड करने तथा उसके सम्बन्ध में दिनांक 02.04.2024 तक आपत्ति दर्ज करने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी/गैर सरकारी इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि इंटरमीडिएट सत्र 2024–26 में नामांकन के निमित्त बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के विषयवार एवं संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित सूची OFSS वेबसाईट **www.ofssbihar.in** पर दिनांक– 29.03.2024 से अपलोड है।

2. उक्त के संबंध में जिन शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य को समिति द्वारा वेबसाईट पर अपलोड की गई सूची के संबंध में कोई आपत्ति/आपत्तियाँ हैं, तो वे **दिनांक 02.04.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक** अपनी आपत्ति/आपत्तियों को समिति के ई–मेल आई०डी० **bsebjsofss@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

3. समिति से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के विषयवार एवं संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित पूरी सूची को देखने के लिए वेबसाईट **www.ofssbihar.in** पर जाकर **"College Information"** पर Click करना होगा तथा उसके बाद **"Intermediate" link** पर Click करते हुए पूरी सूची देखी जा सकती है।

4. उल्लेखनीय है कि **दिनांक 02.04.2024 को अपराह्न 5:00 बजे** के बाद समिति को प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

5. समिति द्वारा तैयार किए गए शिक्षण संस्थानों की सूची के संबंध में यदि कोई आपत्ति/आपत्तियाँ प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि संबंधित शिक्षण संस्थान को समिति द्वारा प्रदान किए गए संकायवार तथा विषयवार सीट संख्या के संबंध में कोई आपत्ति/आपत्तियाँ नहीं है।

6. अंकनीय है कि शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–11/वि0–11–09/2024–587, पटना, दिनांक–21.02.2024 के द्वारा 01.04.2024 से राज्य के डिग्री महाविद्यालय (अंगीभूत/सम्बद्ध/अल्पसंख्यक) में इन्टरस्तरीय पढ़ाई की व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है। अतएव राज्य के डिग्री महाविद्यालयों (अंगीभूत/सम्बद्ध/अल्पसंख्यक) को इस सूची में शामिल नहीं किया गया है।

**संयुक्त सचिव (OFSS)**

Scanned with CamScanner